भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2263

29.07.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

राज्यों के नेताओं की विदेशी राजनयिकों के साथ मुलाकात

2263. श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन:

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राज्य के मुख्यमंत्रियों, मंत्रियों और राज्य के अधिकारियों को प्रोटोकॉल के अनुसार मंत्रालय की पूर्व अनुमति के बिना विदेशी राजनयिकों के साथ बातचीत करने की अनुमति है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या केरल सरकार ने राज्य के दौरे में विदेशों से आए राजनयिकों की मेजबानी करने के लिए केंद्र सरकार से अनुमति मांगी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या केरल सरकार ने राज्य के कार्यकारी अधिकारियों से संबंधित सामान भेजने के लिए संयुक्त अरब अमीरात के राजनयिकों की मदद लेने की अनुमति मांगी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या केंद्र सरकार ने प्रोटोकॉल उल्लंघन के संबंध में केरल सरकार से रिपोर्ट मांगी है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(डॉ. राजकुमार रंजन सिंह)

(क) भारत सरकार के मौजूदा निर्देशों के अनुसार, विदेश स्थित मिशनों को विदेश मंत्रालय के माध्यम से राज्य सरकारों के साथ सभी आधिकारिक संपर्क करने होंगे। विदेश मंत्रालय की मंजूरी के बिना राज्य सरकारों द्वारा मिशन प्रमुखों सहित विदेशी राजनयिकों और गणमान्य व्यक्तियों के लिए कोई कार्यक्रम या मुलाकात आयोजित नहीं की जा सकती है। विदेश स्थित मिशन द्वारा उचित प्रक्रियाओं का पालन सुनिश्चित करने के लिए यह एक आवश्यक प्रोटोकॉल है।

(ख) से (ड.) जी, नहीं।

****